# डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, निम्बाहेड़ा

## राष्ट्रीय सेवा योजना

### प्रतिवेदन 2017–18

मैं नहीं तुम ये आधार वाक्य महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों ईकाईयों हेतु आदर्श है, इसी क्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस सत्र् में भी महाविद्यालय के नवीन इच्छुक विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जोड़ा गया। इस हेतु 16 अगस्त, 2017 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार 01 अगस्त, 2017 से 15 अगस्त, 2017 तक महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस पखवाड़े में स्वयंसेवकों ने स्वच्छ भारत एक स्वप्न नहीं हकीकत है, स्वच्छ रहेगें स्वस्थ रहेगें के क्रम में स्वच्छता की शपथ लेकर महाविद्यालय परिसर, अपने घर व आसपास स्वच्छता संबंधी कार्य एवं स्वच्छता के संबंध में जागरूकता लाने एवं स्वच्छता हेतु 100 घण्टे कार्य करने और कम से कम 100 को जागरूक करने का कार्य एवं संकल्प स्वयंसेवकों ने लिया।

15 अगस्त को स्वयंसेवकों ने स्वतंत्रता दिवस पर देश के स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया और भारत माता की जय का उद्घोष किया। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक के समाज के निर्माण में योगदान को स्वयंसेवकों ने सब के साथ साझा किया एवं इस अवसर पर बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओं शपथ कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने कन्या भ्रूण हत्या को रोकने और बेटियों को पढ़ाने का संकल्प लिया। 8 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में डॉ. देवाराम ने राजस्थान की साक्षरता के संबंध में स्थिति और भविष्य की संभावनाओं को स्पष्ट किया और स्वयंसेवकों से अपने आसपास के लोगों को साक्षर करने का आह्वान किया और प्रोढ़ शिक्षा के संकल्प को भी स्पष्ट किया। 7–8 सितंबर, 2017 को दोनों ईकाईयों का आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दोनों ईकाईयों के पंजीकृत स्वयंसेवकों ने भाग लिया। स्वयंसेवकों को इकाई प्रभारियों क्रमशः डॉ. देवाराम एवं डॉ. जे. एल. टेलर द्वारा सेवा योजना के अनुशासन, कार्यो एवं लक्ष्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम में वर्षपर्यंत चलने वाली गतिविधियों की भी चर्चा की गई।

11 सितंबर, 2017 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित गतिविधियों के क्रम में प्रधानमंत्री द्वारा शिकागों सम्मेलन की 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में यंग इंडिया न्यू इंडिया कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महाविद्यालय में हुआ, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं नियमित विद्यार्थियों ने देखा और प्रधानमंत्री के भारत की युवा शक्ति से जुड़े राष्ट्र के नाम उद्बोधन को सुना। महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को 18 सितंबर,2017 को मौसमी बीमारियों से बचाने के लिए आर्युवैदिक काढ़ा पियाया गया, चिकित्साकर्मियों को इस कार्य में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने अपना सहयोग प्रदान किया। राजस्थान के उच्च शिक्षण संस्थानों में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के द्वारा दिनांक 25 सितंबर, 2017 को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का नोडल महाविद्यालय चित्तौड़ में आयोजन हुआ, जिसमें महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया और भविष्य में रक्तदान करेगें, इस संबंध में संकल्प पत्र भरे।

25 सितंबर, 2017 को चित्तौड़ आयोजित होने वाले रक्तदान कैम्प हेतु महाविद्यालय में प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन 23 सितंबर को हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया और रक्तदान संबंधी समस्त सामान्य जानकारियां, व्याख्यान, डॉक्यूमेण्ट्री फिल्म आदि स्वयंसेवकों को दिखाई गई। 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर स्वच्छता ही सेवा विषय को शामिल करते हुए गतिविधियों का आयोजन किया गया, ताकि स्वच्छता का संदेश जनमानस तक पहुंच सके। इस कार्यक्रम का महत्व इसलिए भी था क्योंकि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर स्वच्छता से संबंधित बहुत से कार्यक्रमों का आयोजन होना था। इस कार्यक्रम में डॉ. देवाराम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों

पर कार्यों पर प्रकाश डाला और 25 सितंबर को आयोजित हो रहे रक्तदान के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया एवं रक्तदान हेतु संकल्प पत्र भरवाए। स्वच्छता एवं श्रम के महत्व को बताया गया स्वच्छता अभियान से जुड़े नारे, चित्र एवं जानकारियों से संबंधित बैनर्स को महाविद्यालय परिसर में लगवाया गया। स्थापना दिवस से संबंधित इस कार्यक्रम में युवाविकास केन्द्र व महिला प्रकोष्ठ ने भी सक्रियता से भाग लिया। 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत के क्रम में राष्ट्रीय एकता की शपथ का आयोजन किया गया। हिंदी में शपथ प्राचार्य डॉ कमल नाहर ने और असमिया में शपथ प्रो. भगवान साहू ने दिलवाई।


13 नवंबर, 2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गयां आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा से प्राप्त निर्देशानुसार 11 से 30 नवंबर, 2017 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना था, इसलिए उपर्युक्त क्रम में यह शिविर आयोजित किया गया, शिविर में युवा विकास केन्द्र एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में युवा उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में दो सत्रों में उद्यमिता कौशल पर आधारित व्याख्यान एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। व्याख्यान डॉ राजेन्द्र सिंघवी व डॉ. अखिलेश चाष्टा द्वारा दिए गए। इस अवसर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता की रिकार्डिंग का प्रसारण आकाशवाणी चित्तौड़ के युवावाणी कार्यक्रम में मंगलवार को हुआ। स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 के क्रम में 17 नवंबर, 2017 को एक कार्यशाला जिसका विषय स्वच्छता सवेक्षण 2018 का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन नगरपालिका निम्बाहेड़ा, सृजन सेवा संस्थान एवं स्थानीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। स्वच्छता सर्वेक्षण को मूर्त रूप देने के लिए महाविद्यालय स्तर पर 6 सदस्यों की कार्यकारी समिति स्वच्छता सर्वेक्षण समिति बनाई गई, जिसके अध्यक्ष स्वयं प्राचार्य डॉ. कमल नाहर थे, जबकि दोनों कार्यक्रम अधिकारी इसके सदस्य थे। इस कार्यशाला में सृजन सेवा संस्थान की सचिव श्वेता व्यास ने उपस्थित स्वयंसेवको, नियमित विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को निम्बाहेड़ा नगर को स्वच्छ बनाने व स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 में देश में वरीयता प्राप्त करने के लिए स्वच्छता एप पर पंजीयन कराने व उस पर शिकायते एवं सुझाव अपलोड करने के लिए स्वच्छता एप्प डाउनलोड करवाया। इसके अतिरिक्त कार्यशाला में उपस्थित समस्त स्वयंसेवको, विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्य ने स्वच्छता के लिए कार्य करने की शपथ भी ली।

26 नवंबर, 2017 को संविधान दिवस के उपलक्ष में राजनीति विज्ञान विभाग व अन्य मंचों के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस का आयोजन एवं इस आयोजन में एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. भरत वैष्णव ने संविधान के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए तो दूसरी तरफ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवाराम जी ने संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों पीयूष, रूबामा खान, प्राची एवं विनिता ने मूल अधिकार, प्रस्तावना, मूल कर्त्तव्यों एवं संवैधानिक बदलावों के संबंध में अपने विचार साझा किए। प्राचार्य डॉ. नाहर द्वारा संविधान के ऐतिहासिक पहलुओं की जानकारी देते हुए संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं संविधान के पालन एवं इसके सिद्धांतों, आदर्शों के पालन करने की शपथ दिलवाई।

19 नवंबर से 26 नवंबर के मध्य कौमी एकता सप्ताह का आयोजन किया गया, कौमी एकता सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रम यथा एक भारत श्रेष्ठ भारत 20 नवंबर, स्वच्छता कार्यक्रम 22 नवंबर, विविधता में एकता परिचर्चा 23 नवंबर, संविधान दिवस 26 नवंबर को आयोजित किए गए। 1 दिसंबर, 2017 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक परिचर्चा का आयोजन हुआ और इसके साथ एक निबंध प्रतियोगिता जिसका विषय एड्स के कारण बचाव एवं रोकथाम था का आयोजन किया गया। मानवाधिकार दिवस के संबंध में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मानववाधिकार क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें इच्छुक स्वयं सेवकों ने भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों ईकाईयों का एकदिवसीय शिविर 17 दिसंबर, 2017 को किया गया। स्वयंसेवकों ने इस एकदिवसीय शिविर में श्रमदान किया एवं सांस्कृतिक–साहित्यिक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वयंसेवकों से अनुशासित रहने, नियमित श्रम करने एवं समाज हेतु कोई भी भलाई का कार्य करने का आह्वान किया।

उत्साही स्वयंसेवकों के बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 19 दिसंबर से 25 दिसंबर, 2017 तक अयोजित किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय एवं गोद ली गई बस्ती इश्काबाद में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्य, स्वच्छता व शिक्षा के महत्व पर जागरूकता लाने का प्रयास, बस्ती व नगर के लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी, दैनिक व्यायाम से स्वास्थ्य का सफर, एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं की संकल्पना हेतु कार्य किया जाना प्रस्तावित रहा। इसके अतिरिक्त शिविर में नियमित योगाभ्यास एवं श्रमदान, सूर्यनमस्कार एवं प्रतिदिन के प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण का कार्य भी किया गया, समापन दिवस पर स्वयंसेवकों ने अपने विचारों को साझा किया कि उन्होंने शिविर से क्या सीखा ? और देश व समाज के लिए वे आगे क्या करना चाहेगें? इसको भी साझा किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के ब्रांड एंबेसेडर पीयूष टांक व प्राची सोनी के नेतृत्व में परशुराम सर्किल, निम्बाहेड़ा पर स्वयंसेवकों क्रमशः रूबामा, महेश, भानू, अंजली, किंजल, नितेष ने एसडीएम श्री चंपालाल, प्राचार्य डॉ. नाहर एवं युवा कौशल समन्वयक प्रो. साहू की अध्यक्षता में नगर के लोगों को स्वच्छता के संबंध में जागरूक करने के संबंध में 11 जनवरी, 2018 को एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। 28 जनवरी, 2018 को जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित पल्स पोलियो अभियान में चिकित्साकर्मियों, बीएलओ, आगनवाड़ी अधिकारियों को सहयोग देने हेतु स्वयंसेवकों ने कार्य किया।

इसप्रकार सत्रपर्यंत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मानव सेवा एवं मानवीय उद्धार के संबंध में अनेक कार्य किए, जो प्रशंसनीय हैं।



महाविद्यालय छात्रों ने ली स्वच्छता की शपथ

निम्बाहेड़ा. स्वच्छता पखवाडा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के संकाय सदस्यों, मंत्रालयिक कर्मचारियों तथा छात्र छात्राओं ने शनिवार को स्वच्छता की विशेष शपथ ली। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ देवाराम ने बताया कि प्राचार्य डॉ कमल नाहर ने विशेष शपथ दिलाते हुये अपने आसपासए गली मोहल्लें और महाविद्यालय मे स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दिलाया।इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की सफाई भी की तथा विशेष स्वच्छता पखवाड़े के आगे के कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की। इस अवसर पर प्रो. भगवान साहू, भारत वैष्णव, जमनालाल टेलर, डॉ राजेंद्र सिघंवी, डॉ हेमलता मीणा आदि मौजूद थे।

कॉलेज में छात्रों ने की साफ-सफाई

निंबाहेड़ा | विशेष स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत महाविद्यालय के संकाय सदस्यों, मंत्रालयिक कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने शनिवार को स्वच्छता की शपथ ली। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवाराम ने बताया कि प्राचार्य डॉ. कमल नाहर ने शपथ दिलाते हुए अपने आस-पास, गली मोहल्लों और महाविद्यालय में स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की सफाई कर आगे के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। प्रो. भगवान साहू, भारत वैष्णव, जमनालाल टेलर, डॉ. राजेंद्र सिंघवी, डॉ. हेमलता मीणा, सोहनलाल मेघवाल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक उपस्थित थे।

स्वच्छता पखवाड़े में स्वच्छता की ली स्वयंसेवकों ने शपथ




आमुखीकरण कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी का पीपीटी प्रजेण्टेशन



18 नईदुनिया
इंदौर, रविवार 24 सितंबर 2017


**राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया**

निम्बाहेड़ा। महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों (प्रथम व द्वितीय) का शनिवार को प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजित कर राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। डॉ. देवाराम कार्यक्रम अधिकारी ने एनएसएस के उद्देश्य, कार्य एवं सामाजिक उपादेयता पर विचार रखे। द्वितीय चरण में स्वयं सेवकों एवं छात्र-छात्राओं से 25 सितम्बर को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर के लिए संकल्प पत्र भरवाए गए। साथ ही कार्यक्रम अधिकारी जेएल टेलर ने रक्तदान के सम्बंध में जानकारी दी। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. हेमलता मीना ने छात्रों को लघु वृत चित्रों के बारे बताया। प्राचार्य भगवान साहू ने छात्रों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया।

**शिविर में भरवाए रक्तदान संकल्प पत्र**


निंबाहेड़ा | राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को प्रथम व द्वितीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों का एक दिवसीय शिविर लगा। डॉ. देवाराम ने योजना के उद्देश्य, कार्य एवं सामाजिक उपादेयता पर विचार रखे। द्वितीय चरण में सोमवार को होने वाले रक्तदान शिविर के लिए संकल्प पत्र भरवाए गए। जेएल टेलर, डॉ. हेमलता मीणा व छात्रसंघ अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़ ने जानकारी दी। रविवार को स्वच्छता अभियान से संबंधित नारे, चित्र व जानकारियों से संबंधित बैनर महाविद्यालय सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर लगाए जाएंगे। कार्यवाहक प्राचार्य भगवान साहू, छात्रसंघ महासचिव नवलसिंह, पीयूष टांक, विनायक आचार्य ने भी संबोधित किया।

एनएसएस स्थापना दिवस





आमुखीकरण कार्यक्रम



डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, निम्बाहेड़ा (राज.)

दिनांक : 09.09.2017

प्रेस नोट

**राष्ट्रीय सेवा योजना**

आज महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाईयों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में विस्तार से इकाई के स्वयं सेवकों को सम्बोधित करते हुए डॉ. देवाराम ने बताया कि साक्षरता का प्रतिशत हमारे देश का 75 प्रतिशत के लगभग है जो विश्व के विकसित राष्ट्रों से काफी कम है। हमें प्रयास करते हुए साक्षरता के इस प्रतिशत को बढ़ाना है तथा साक्षरता के प्रतिशत में राजस्थान राज्य के स्थिति और ज्यादा दयनीय है। कार्यक्रम में इकाई प्रभारी जे.एल.टेलर ने बताया कि साक्षरता के साथ शिक्षा का समग्र विकास हो तभी देश विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ सकेगा। कार्यक्रम में भगवान साहु, ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य डॉ. आदित्येन्द्र राव ने छात्रों को बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में भरत वैष्णव, सोहनलाल मेघवाल एवं छात्रसंघ उपाध्यक्ष विक्रम टेलर एवं संयुक्त सचिव अर्जुन नायक एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे तथा छात्रों ने कार्यक्रम में रुची से भाग लिया।

प्राचार्य

**महाविद्यालय में साक्षरता दिवस मनाया**

निंबाहेड़ा | राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों ने अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया। डॉ. देवाराम ने स्वयंसेवकों को बताया कि हमारे देश में साक्षरता का 75 प्रतिशत है जो विश्व के विकसित राष्ट्रों से काफी कम है। इकाई प्रभारी जेएल टेलर, भगवानलाल साहू ने भी विचार रखे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आदित्येन्द्र राव ने छात्रों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई। भरत वैष्णव, सोहनलाल मेघवाल, छात्रसंघ के विक्रम टेलर, अर्जुन नायक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

महाविद्यालय में मनाया अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस




**छात्र-छात्राओं को पिलाया काढ़ा**

निम्बाहेड़ा @ पत्रिका. मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और छात्रासंघ पदाधिकारियों ने भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में 425 छात्रा-छात्राओं को आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ. बालमुकुन्द भट्ट के निर्देशन में आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया। इस अवसर पर एनएसयूआई के पदाधिकारी व राजकीय महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. भरत वैष्णव, प्रो. देवाराम, प्रो.राजेन्द्र सिंघवी उपस्थित थे।

भूपालसागर ग्राम पंचायत के बाहर बस स्टैण्ड पर काढा पिलाते वार्ड पंच एवं ग्रामीण।

निम्बाहेड़ा. डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में काढ़ा पीते छात्र-छात्राएं।

स्वयंसेवकों को मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु पिलाया गया काढा



डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, निम्बाहेड़ा (राज.)

दिनांक : 11.09.2017

राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रेस नोट


आज दिनांक 11.09.2017 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित गतिविधियों के तत्वाधान में प्रधानमंत्री द्वारा शिकागों सम्मेंलन की 125वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में " Young India-New India" कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के सेमिनार हॉल एवं प्राचार्य कक्ष में दिखाया गया। इस विषय पर देश के युवाओं का आव्हान करतें हुए प्रधानमंत्री नें कहा कि भारत युवा राष्ट्र है और किसी भी देश के चँहुमुखी विकास में युवा वर्ग का योगदान महत्वपूर्ण होता है। देश का युवा अपनी महती भूमिका को रचनात्मक आधार पर निर्वाह करें, युवा शक्ति स्वामी विवेकानन्द के दिये हुए आदेर्शों को जीवन में अपनाए एवं देश का गौरव पुनः स्थापित करें।

भारत एक महान देश है इसकी संस्कृति एवं विविधता में एकता सामाजिक सौहार्द व सहयोग हमारी गौरवमय परम्पराएं है। हमें इन्ही के आधार पर देश के विकास में योगदान करना चाहिए, स्वच्छ भारत, युवा भारत, विकसित भारत बनें। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. भगवान साहु, संकाय सदस्य प्रों. भरत वैष्णव, डॉ. राजेन्द्र सिंघवी, प्रो. सोहन लाल मेघवाल व दोनों ईकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवाराम, प्रो. जे.एल. टेलर, पुनित राव मराठा तथा अनवर मंसूरी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओ ने पुर्ण उत्साह से भाग लिया।

प्राचार्य

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम आयोजित

यंग इण्डिया न्यू इंडिया कार्यक्रम



राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई

निम्बाहेड़ा। स्थानीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं अन्य मंचों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इसी अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत राष्ट्रीय एकता की शपथ प्राचार्य डॉ. कमल नाहर ने दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवाराम ने राष्ट्रीय एकता व अखण्डता को प्रगाढ़ करने हेतु आह्वान किया। इस उपलक्ष्य पर 200 से अधिक विद्यार्थियों, कर्मचारियों, अधिकारियों ने उपस्थित रहकर राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। कार्यक्रम अधिकारी जे.एल. टेलर, वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. भरत वैष्णव, डॉ. हेमलता मीना, डॉ. राजेन्द्र सिंघवी, प्रो. सोहनलाल मेघवाल, मंत्रालयिक कर्मचारी देवकी नंदन शर्मा, पुस्तकालय कर्मी निर्मला मराठा, पुनीत मराठा, गोविन्दराम शर्मा, रामलाल भील, कमल किशोर मेघवाल, रतन शर्मा, अनवर मंसूरी, छात्रसंघ अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई

निंबाहेड़ा | राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर एकता दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. कमल नाहर ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवाराम थे।

स्वयंसेवको ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ



राष्ट्रीय एकता की शपथ लेते स्वयंसेवक




युवा उन्नयन कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की भागीदारी





राजस्थान पत्रिका
दिनांक:- 18.11.2017

निम्बाहेड़ा के राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को स्वच्छता सर्वेक्षण विषयक कार्यशाला में शपथ लेती छात्राएं व अन्य।

गदिया ने बताया कि छात्राओं में जागरूकता लाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता कमलेश ने आज के युग में सभी बेटियों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया। बेटियों के शिक्षित होने से आने वाली पीढ़ियों को भी सही मार्गदर्शन मिलता है। वक्ता ने कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोकने व बेटियों को अधिक से अधिक पढ़ाने का संकल्प दिलाया। मेवाड़ गर्ल्स नर्सिंग कॉलेज के संरक्षक सी. बी. कोठारी व प्राचार्य राधेश्याम मेनारिया ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन प्राध्यापिका इन्द्रा बल्दवा व छात्रा नेहा शर्मा ने किया। निदेशक श्रीपाल सुथार ने आभार जताया।

## दी स्वच्छता सर्वेक्षण की जानकारी

निम्बाहेड़ा. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नगरपालिका एवं सृजन सेवा संस्थान की ओर से स्वच्छता सर्वेक्षण पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें उपखण्ड अधिकारी चम्पालाल जीनगर ने अध्यक्षता की, अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष कन्हैयालाल पंचोली मुख्य अतिथि थे। उपाध्यक्ष पारसमल पारख, प्राचार्य भगवान साहू एवं नगरपालिका कार्यकारी अधिकारी कौशल कुमार भी मौजूद थे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवाराम ने बताया कि संस्थान की सचिव श्वेता व्यास ने सर्वेक्षण में वरीयता में आने के लिये जरूरी एप पर पंजीयन कराने व उस पर शिकायतें अपलोड कराने की जानकारी दी। उपखण्ड अधिकारी जीनगर ने स्वच्छता के महत्व को समझाया संचालन डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंघवी ने किया।

## महाविद्यालय में परिसंवाद

निम्बाहेड़ा. महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वावधान में बेटियाँ है अनमोल विषय पर आधारित परिसंवाद का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंसूर अहमद खान मुख्य अतिथि थे व कार्यवाहक प्राचार्य भगवान साहू ने अध्यक्षता की। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. हेमलता मीना ने बताया कि वृत चित्रों के माध्यम से परिसंवाद का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला आशा समन्वयक चित्तौड़गढ़ देवीलाल भील, ब्लॉक नोडल अधिकारी सुरेश अहीर एवं ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश नागौरी, आशा फेसीलेटर राधेश्याम गमेती मौजूद थे। जिला समन्वयक देवीलाल भील ने पावर पाइन्ट प्रजेन्टेशन से कन्या भ्रूण हत्या व गिरते हुए लिंगानुपात से परिचित कराते हुए छात्र-छात्राओं को बेटियां का महत्व बताया। संचालन सोहनलाल मेघवाल ने किया। प्राध्यापक भरत वैष्णव, जेएल टेलर, राजेन्द्र कुमार सिंघवी सहित छात्रसंघ अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

दैनिक भास्कर
दिनांक: 18.11.17

## स्वच्छता सर्वेक्षण एप की जानकारी दी

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 पर कार्यशाला हुई

भास्कर संवाददाता | निम्बाहेड़ा

राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नगरपालिका निंबाहेड़ा एवं सृजन सेवा संस्थान द्वारा एसडीएम चंपालाल जीनगर की अध्यक्षता, नपा अध्यक्ष कन्हैयालाल पंचोली के मुख्य आतिथ्य, उपाध्यक्ष पारसमल पारख, प्राचार्य भगवान साहू एवं ईओ कौशल कुमार की उपस्थिति में स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 पर कार्यशाला हुई।

डॉ. देवाराम ने बताया कि सृजन सेवा संस्थान की सचिव श्वेता व्यास ने उपस्थित विद्यार्थियों व कर्मचारियों को निम्बाहेड़ा नगर को स्वच्छ बनाने व स्वच्छता सर्वेक्षण-2018 में देश में वरियता में आने के लिये एप्प पर पंजीयन कराने व उस पर शिकायते एवं सुझाव अपलोड करने के लिये स्वच्छता एप्प डाउनलोड करवाते हुए इसके संबंध में जानकारी दी। प्रो. भरत वैष्णव, डॉ. हेमलता मीणा, प्रो. सोहनलाल मेघवाल, सहायक अभियंता अमृत सिंह, दिनेश भांबी, छात्रसंघ कार्यकारिणी, स्वच्छता महाविद्यालय ब्रांड अंबेसेडर पीयूष टांक, प्राची सोनी, पुनीत राव मराठा, कमल किशोर आदि ने स्वच्छता के लिए प्रेरक कार्य करने की शपथ ली। संचालन डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंघवी ने किया।

निंबाहेड़ा. स्वच्छता के लिए प्रेरक कार्य करने की शपथ लेते उपस्थित जन।

| स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 | स्वयंसेवकों को स्वच्छता एप्प की जानकारी |
|---|---|



दैनिक नवज्योति 27/11/17


## संविधान दिवस पर हुई संगोष्ठी

संविधान दिवस पर आयोजित संगोष्ठी।

निम्बाहेड़ा। डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग व अन्य मंचो के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. भरत वैष्णव ने ऑडियो-वीडियों क्लिपस व डॉक्यूमेंट्री की सहायता से भारतीय संविधान की रुपरेखा, निर्माण प्रक्रिया व इसके महत्व को समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. कमल नाहर ने संविधान के ऐतिहासिक पहलुओ की जानकारी दी। इस संगोष्ठी में विद्यार्थियों की तरफ से पीयूष टांक ने मूल अधिकारों, रुबामा खान ने प्रस्तावना, प्राची सोनी ने संविधान में अन्य देशों से ली गई प्रेरणा, विनिता जैन ने मूल कर्तव्यों तथा गोहरनाज ने संविधान की उद्धेशिका से संबंधी पत्रवाचन किये। डॉ. देवाराम द्वारा भारतीय संविधान से संबधित प्रश्नोत्तरी की गई व पुरस्कार दिये गये। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. हेमलता मीणा ने किया तथा आभार वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. भगवान साहू ने व्यक्त किया। प्रो. जे.एल. टेलर, डॉ. राजेन्द्र सिंघवी, पुनीत राव मराठा व अनवर मंसूरी ने सहयोग प्रदान किया।

डॉ.भीमराव अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय निम्बाहेडा। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान मे व्यक्तित्व विकास के विविध आयाम विषय पर कार्यशाला तथा वृक्षारोपण कार्य।



<table>
<tr>
<td></td>
<td><br>दैनिक भास्कर दिनांक 12.1.2018<br><br>**स्वच्छ भारत को लेकर नाटिका का मंचन किया**<br><br>भास्कर संवाददाता | निंबाहेड़ा<br><br>डॉ भीमराव आंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान के तहत गुरुवार को महाविद्यालय ब्रांड एंबेसडर पीयूष टांक व प्राची सोनी के नेतृत्व में रूबामा, महेश, भानू, अंजली, किंजन, नितेष ने स्वच्छ भारत नाटक का मंचन एसडीएम चंपालाल जीनगर, प्राचार्य डॉ. कमल नाहर, युवा कौशल समन्वयक प्रो. भगवान साहू की उपस्थिति में किया। एसडीएम जीनगर ने कहा कि यह नाटक नगर के विभिन्न चौराहों व नुक्कड़ों पर कर नागरीको को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवाराम, प्रो. जेएल टेलर, प्रो. भरत वैष्णव, डॉ. हेमलता मीणा, डॉ. राजेन्द्र सिंघवी, प्रो. सोहनलाल मेघवाल, छात्रसंघ अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, नवल सिंह, विक्रम टेलर, अर्जुन नायक, देवकीनंदन शर्मा, पुनितराव मराठा, अनवर मंसूरी आदि मौजूद थे।<br><br>दैनिक भास्कर 13.1.2018<br><br>**स्वच्छता अभियान पर नुक्कड़ नाटक**<br><br>निंबाहेड़ा | नगरपालिका क्षेत्र में चल रहे स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 कार्यक्रम के तहत गुरुवार को दोपहर बाद परशुराम सर्कल पर अधिकारियों, ब्रांड एंबेसडर, पालिका कर्मचारियों एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में स्थानीय कॉलेज के विद्यार्थियों ने स्वच्छता के अभियान पर नुक्कड नाटक के माध्यम से जन-जन को स्वच्छता के प्रति सचेत किया व स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम चंपालाल जीनगर के निर्देशानुसार ब्रांड एंबेसेडर डॉ. जेएम जैन एवं ममता शारदा ने दुकानों पर प्रत्येक दुकानदार को स्वच्छता का संदेश दिया व सर्वेक्षण में निंबाहेड़ा को प्रथम स्थान प्राप्त कराने का आह्वान किया। पालिका उपाध्यक्ष पारसमल पारख, पार्षद महावीर गोखरू, एईएन अमृत सिंह चौधरी आदि मौजूद थे।</td>
</tr>
<tr>
<td>सातदिवसीय शिविर</td>
<td>स्वयंसेवकों द्वारा परशुराम सर्किल पर स्वच्छता जागरूकता के संबंध में नुक्कड़ नाटिका का मंचन</td>
</tr>
</table>

(कार्यक्रम अधिकारी)